NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# M.S.W. -8

# सामाजिक समूह कार्य : समूहों के साथ कार्य करना

## ( Social Group Work: Working with Groups )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**


By: *Rajesh Kumar Sharma,* M.Sc., M.Ed., M.Phil, Ph.D.



**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**MRP ₹ 280/-**

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

Content

# सामाजिक समूह कार्य : समूहों के साथ कार्य करना

## ( Social Group Work: Working With Groups )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—June, 2019 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—June, 2018 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2017 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—June, 2017 (Solved) ........ 1


| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

| 1. | सामाजिक समूह : विशेषताएँ और महत्त्व<br>( Social Groups: Characteristics and Significance ) | 1 |
| 2. | समूह कार्य का ऐतिहासिक विकास<br>( Historical Development of Group Work ) | 11 |
| 3. | भारत में सामाजिक समूह कार्य का इतिहास<br>( History of Social Group Work in India ) | 19 |
| 4. | समाज कार्य की प्रणाली के रूप में सामाजिक समूह कार्य<br>( Social Group Work as a Method of Social Work ) | 26 |
| 5. | समाज कार्य के सिद्धांत एवं प्रारूप<br>( Theories and Models in Social Group Work ) | 34 |
| 6. | समूह विकास की अवस्थाएं<br>( Stages/Phases of Group Development ) | 41 |
| 7. | समूह निर्माण की प्रक्रिया<br>( Process of Group Formation ) | 53 |

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|
| 8. | सामाजिक समूह कार्य में मूल्य और सिद्धांत<br>( Values and Principles in Social Group Work ) | 61 |
| 9. | नेतृत्व और शक्ति/अधिकार<br>( Leadership and Power ) | 68 |
| 10. | सामाजिक समूह कार्य के कौशल और तकनीकें<br>( Skills and Techniques of Social Group Work ) | 76 |
| 11. | सामाजिक समूह कार्य में जीवन कौशल शिक्षा की प्रासंगिकता<br>( Relevance of Life Skills Education in Social Group Work ) | 83 |
| 12. | सामाजिक समूह कार्य में कार्यक्रम नियोजन<br>( Programme Planning in Social Group Work ) | 91 |
| 13. | भारतीय संदर्भ में स्व-सहायता समूहों की संकल्पना और सक्रियता<br>( Concepts and Dynamics of Self Help Groups (SHG) in Indian Context ) | 99 |
| 14. | सामुदायिक स्थापनों में समूह कार्य<br>( Group Work in Community Settings ) | 107 |
| 15. | संस्थागत स्थापनों में समूह कार्य<br>( Group Work in Institutional Settings ) | 118 |
| 16. | शैक्षिक स्थापनों में समूह कार्य<br>( Group Work in Educational Settings ) | 126 |
| 17. | समूह कार्य में सामाजिक कार्यकर्त्ता की भूमिका<br>( Role of Social Worker in Group Work ) | 133 |

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## सामाजिक समूह कार्य : समूहों के साथ कार्य करना

**M.S.W.-8**

**( Social Group work: Working with Groups )**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट : सभी पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं।*

**प्रश्न 1. स्वतंत्रतापूर्व भारत में समूह कार्य के विकास का पता लगाइए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-19, 'स्वतंत्रतापूर्व भारत में समूह कार्य का विकास'

**अथवा**

**उदाहरणों के साथ सामाजिक समूह कार्य के सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-61, 'सामाजिक समूह कार्य में सिद्धांत'

**प्रश्न 2. ट्रैकर द्वारा सामाजिक समूह कार्य के लिए निर्दिष्ट कुशलताओं का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-76, 'समूह कार्य के कौशल और तकनीकें'

**अथवा**

**आपदा पीड़ितों के साथ समूह कार्य पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-107, 'परिचय' तथा पृष्ठ-109, 'आपदा पीड़ितों के साथ समूह कार्य'

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में ये किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**( क ) विभिन्न प्रकार के समूह का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-2, 'समूहों के प्रकार'

**( ख ) समूह गठन के लिए दिशानिर्देशों को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-56, 'अभ्यास सिद्धान्त : समूह निर्माण के लिए मार्गदर्शन'

**( ग ) कार्यक्रम नियोजन को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-96, प्रश्न 5

**( घ ) सामाजिक अभिनेता समूहों के लिए विभिन्न चरणों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-138, प्रश्न 4

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**( क ) समूहों की विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-2, 'विशेषताएं'

**( ख ) एक समूह में संतुलित सदस्यता प्राप्त करने के लिए श्रमिक किस मापदंड का पालन करते हैं?**

**उत्तर–**समूह में बराबर की सदस्यता प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ता को सभी प्रकार के भेदभाव व भिन्नताओं के बिना प्रत्येक सदस्य को आदर-सम्मान दिया जाना चाहिए तथा उनकी समानता और निष्ठा सर्वोपरि होती है। कार्यकर्ता इस प्रकार से कार्य करे कि प्रत्येक सदस्य के व्यक्तिगत मूल्य को समझते हुए उसे समूह में बराबर की सदस्यता प्राप्त हो।

भारतीय समाज में मिश्रित लिंगों का एक समूह सामाजिक रूप से स्वीकार्य नहीं है, जब तक वह कार्य-उन्मुख नहीं होता है, जो विभिन्न कौशलों और दृष्टिकोण के संयोजन से लाभ प्राप्त कर सकता है अथवा समस्त आक्रामक या समस्त निष्कासित व्यक्तियों द्वारा निर्मित समूह एक-दूसरे के साथ वार्तालाप से लाभान्वित नहीं हो जाता। समूह में कार्यकर्ता को यह भी ध्यान देना चाहिए कि समूह में लोगों की संतुलित संख्या होनी चाहिए, क्योंकि चयनित सदस्यों पर अनिवार्य सदस्यों तथा समूह के रूप में स्थायी प्रभाव पड़ता है। यदि व्यक्तियों को ऐसे समूहों में रखा जाता है, जो उनके लिए अनुपयुक्त हैं, तो उनकी सदस्यता के लिए हानि पहुंच सकती है अथवा उन्हें समूह से निष्कासित किया जा सकता है। समूह का आधार समानरूप से सदस्यों के मध्य वार्तालाप की प्रकृति और व्यक्तिगत सदस्यों एवं समूह के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए जरूरी भागीदारी को निर्धारित करना है।

www.neerajbooks.com



**(ग) सामाजिक समूह कार्य में अभिलेखन के सिद्धांतों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-97, प्रश्न 7

**(घ) रोस्टोव द्वारा दी गई मनोरोग परिवेश में समूह कार्य के लक्ष्य क्या हैं?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-15, पृष्ठ-120, 'मनोचिकित्सीय स्थापना में समूह कार्य'

**(ङ) शिविर में लाभों पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-16, पृष्ठ-127, 'शिविर और भारतीय युवा संगठन'

**(च) जीवन कौशल शिक्षा कार्यक्रम द्वारा बढ़ाए गए कौशल का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-85, प्रश्न 1

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**(क) युवा कल्याण के लिए समूह कार्य**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-23, 'युवा कल्याण के लिए समूह कार्य'

**(ख) समूह कार्य के नुकसान**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-28, 'समूह कार्य की हानियां'

**(ग) सामाजिक समूह कार्य के मूल्य**

mÙkj µ l aHkZ देखें अध्याय-8, पृष्ठ-64, प्रश्न 1

**(घ) समूह गठन**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-57, प्रश्न 1

**(ङ) भावनात्मक बुद्धिमत्ता के घटक**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-70, 'भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नेतृत्व की प्रभावकारिता'

**(च) एक सफल नेता के गुण**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-70, 'एक सफल नेता की योग्यताएं/गुणवत्ताएं'

**(छ) दूरदर्शक समूह**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-16, पृष्ठ-127, 'दूरदर्शी समूह'

**इसे भी देखें–**एक सामाजिक समूह में दूरदर्शी नेतृत्व एक प्रकार का वह नेतृत्व है, जो भविष्य के लिए एक समग्र दृष्टि बनाने तथा इसे वास्तविकता बनाने के लिए दूसरों को प्रेरित करने पर ध्यान केन्द्रित करता है। इसमें स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना, उद्देश्यों की भावना पैदा करना तथा वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए अपने आसपास के लोगों को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है।

**(ज) स्वयं सहायता समूहों की आलोचना**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-105, प्रश्न 5

■■

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# सामाजिक समूह कार्य : समूहों के साथ कार्य करना

## ( Social Group Work: Working with Groups )

## सामाजिक समूह : विशेषताएँ और महत्त्व

## (Social Groups: Characteristics and Significance)

1

### परिचय

सामाजिकता मनुष्य को जीवन का अस्तित्व प्रदान करती है। हम परिवार में रहते हैं और समूह में ही शिक्षा ग्रहण करते हैं और जिस प्रकार कार्य करते हैं, उसी से हमारी पहचान बनती है। व्यक्ति का व्यक्तित्व वास्तव में उसके किये गये कार्य से निखरता है अत: हमें समाज से मिलनसार व सबको साथ लेकर चलने वाली प्रवृत्ति प्राप्त होती है। शिक्षक व शिक्षा भी इसी प्रकार हमारे व्यवहार में परिवर्तन करके नये सामाजिक समूह का निर्माण करते हैं तथा नये ज्ञान व समाज का प्रस्फुटन करते हैं।

किसी भी प्रकार का रोग होने पर चिकित्सक उस रोग से निदान दिलाते हैं, जो समूह का भाग है। सरकार तथा सेना भी समूह में कार्य करते हैं। सैनिक समूह वेशभूषा से अपनी रेजीमेन्ट को निरूपित करता है, अत: सामाजिक समूह हमें अपने समाज में रहने व प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करने की प्रेरणा प्रदान करना है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### समूह की परिभाषा और विशेषताएँ

प्राचीन काल से ही मनुष्य का संबंध समाज और समूह से रहा है। संसार के प्रत्येक भाग में सामाजिक समूहों की उपस्थिति अवश्य मिलेगी। व्यक्ति का जन्म समूह (परिवार) में होता है और समूह में ही उसकी सामाजिक और अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। सामाजिक समूहों का मानव के जीवन में विशेष महत्त्व होता है। मानव एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए वह समाज में सबके साथ मिलकर रहना चाहता है और समाज में रहते हुए वह सक्रिय रहता है तथा अनेक प्रकार के समूहों का निर्माण करता है। जैसे–परिवार, पड़ोस, विद्यालय, क्लब, टीम आदि।

समूह का शाब्दिक अर्थ है–ऐसी वस्तुओं का संकलन जो एक-दूसरे के अत्यन्त निकट या परस्पर संबंधित हैं। समाजशास्त्र में 'समूह' शब्द का प्रयोग विशेष प्रकार से किया जाता है।

**ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी** में समूह शब्द को परिभाषित करते हुए लिखा है कि "व्यक्तियों की संख्या या वे वस्तुएँ जिनके माध्यम से एक इकाई का निर्माण होता है, अत: जब वे किसी भी प्रकार से परस्पर या सामान्य संबंध या समानता के सामान्य स्तर के आधार पर विशिष्ट रूप से एकत्रित होते हैं, तो उसे समूह कहते हैं।" सामाजिक समूह को निम्न प्रकार से परिभाषित किया जा सकता है–

**(1) मैकाइवर एवं पेज (MacIver and Page)**– "सामाजिक समूह से हमारा तात्पर्य व्यक्तियों के उस संकलन से है, जो एक दूसरे के साथ सामाजिक संबंध रखते हैं।"

**(2) हार्टन एवं हंट (Horten and Hunt)**–"समूह व्यक्तियों के संग्रह अथवा श्रेणियाँ होती हैं, जिनमें सदस्यता एवं अन्त:क्रिया की चेतना होती है।"

**(3) ऑगर्बन तथा निमकॉफ (Ogburn and Nimkoff)** के अनुसार, "जब दो या दो से अधिक व्यक्ति एकत्र होते हैं और एक-दूसरे पर प्रभाव डालते हैं, तो वे सामाजिक समूह का निर्माण करते हैं।"

अत: सामाजिक समूह दो या दो से अधिक व्यक्तियों का संकलन है, जो एक-दूसरे से अन्त:क्रिया करते हैं, जिनके सामान्य उद्देश्य होते हैं तथा जो समान क्रियाएँ करते हैं।

**मुजफ्फर शरीफ** (1916-1982) ने सामाजिक समूह को निम्नलिखित तत्त्वों के अन्तर्गत बाँटा है–

(1) समान प्रेरणा और लक्ष्य,

(2) श्रम का एक स्वीकृत प्रभाग अर्थात भूमिकाएं,

(3) स्तर संबंधों की स्थापना,

(4) समूह के प्रासंगिक मामलों के संदर्भ सहित स्वीकृत मानक और मूल्य।

(5) स्वीकृत अनुमोदनों का विकास (प्रशंसा और सजा)।

उपर्युक्त परिभाषाओं के आधार पर एक समूह के निर्धारण में निम्नलिखित सीमाओं पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है–

- व्यक्तियों की संख्या–एक से अधिक व्यक्ति
- अन्त:निर्भरता या एक-दूसरे पर आश्रित रहना,
- भूमिकाओं और स्तरों की स्वीकृति,
- लक्ष्यों तथा प्रेरणाओं में समानता,
- सांझे मानक और मूल्य।

**विशेषताएँ**

- **अन्तर्वैयक्तिक अन्त:क्रिया**–कोई अकेला व्यक्ति समूह नहीं हो सकता, जब तक वह किसी दूसरे व्यक्ति के साथ अन्त:क्रिया न करे।
- **सदस्यों की स्पष्ट संख्या**–दो या दो से अधिक व्यक्तियों से बनी सामाजिक इकाई को समूह कहते हैं, अत: व्यक्तियों का समूह तब तक समूह नहीं कहलाता, जब तक वह किसी समूह का सदस्य न हो।
- **परस्पर निर्भरता**–जब समूह के सभी सदस्य एक-दूसरे पर आपस में निर्भर करते हों। अत: ऐसे व्यक्तियों को समूह नहीं कह सकते, जो एक-दूसरे को प्रभावित न करते हों।
- **लक्ष्य**–पारस्परिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समूह के सदस्यों की इच्छा व प्रयत्न होना आवश्यक है।
- **प्रेरणा**–बास तथा कैटल के अनुसार, व्यक्ति उस समय तक समूह नहीं बना सकते, जब तक कुछ व्यक्तिगत कारणों से उन्हें प्रेरणा न मिली हो और वे किसी समूह के सदस्य न बने हों।
- **संरचनात्मक संबंध**–व्यक्ति उस समय तक समूह नहीं बना सकते, जब तक उनकी परस्पर क्रिया भूमिका के सेट की परिभाषा और मानकों द्वारा परस्पर संरचित न हों।
- **परस्पर प्रभाव**–जब तक व्यक्ति एक दूसरे को प्रभावित न कर सकते हों, तब तक समूह का निर्माण नहीं हो सकता।

अत: एक समूह में दो या दो से अधिक व्यक्ति परस्पर या आमने-सामने अन्त:क्रिया करते हैं एवं परस्पर व्यक्तिगत जानकारी रखते हैं तथा लक्ष्य को प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं और सामूहिक रूप से इस कार्य के लिए प्रयासरत हों।

## समूह निर्माण को प्रभावित करने वाले कारक

समूह निर्माण को प्रभावित करने वाले चार प्रमुख कारक हैं–

(1) क्रियाकलाप

(2) लक्ष्य या समूह के कार्य

(3) समूह के अन्दर लोगों का साजो-सामान

(4) बैठकों की आवश्यकता अथवा समूह के बाह्य लक्ष्य

समूह के प्रति आर्कषण, उसकी निकटता तथा लगातार अन्त:क्रिया के माध्यम से विकसित होता है। पड़ोसी, सहपाठी, रूम मेट और मित्र आदि का निर्धारण बहुत नजदीकी अन्त:क्रिया द्वारा होता है।

समूह के अनेक लक्षण हैं, जो उसके सदस्यों को अधिक आकर्षित करते हैं और समूह निर्माण में सहयोग प्रदान करते हैं।

- समूह की प्रतिष्ठा, सदस्यों को उच्च स्थिति के साथ समूह की प्रतिष्ठा निश्चित रूप से आगे बढ़ती है।
- सहयोगात्मक संबंधों की संभावना तथा संयुक्त पुरस्कार समूह के आर्कषण को ऊंचाइयों पर ले जाते हैं।
- सदस्यों के अंदर सकारात्मक अन्त:क्रिया के एक स्तर पर व्यक्ति और समाज की आवश्यकताओं को विस्तार देने में सहयोग करती है और उनकी पूर्ति में सहयोग भी करती है।
- समूह का आकार, सबसे छोटा समूह अन्त:क्रिया के लिए ऊँची संभावनाएँ देते हैं। इसमें समानताओं की संभावनाएं होती हैं और व्यक्ति की आवश्यकता के अनुरूप व्यक्तिगत बैठकें कराई जाती हैं।

## समूह निर्माण के संबंध में युक्तिसंगत स्पष्टीकरण

समूह निर्माण को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारक निम्नलिखित प्रकार से प्रस्तुत किए जा सकते हैं–

(1) व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लोग समूहों में शामिल होते हैं।

(2) एकरूपता, सम्पर्क और सतत अन्त:क्रिया कुछ आवश्यकताओं की पूर्ति के अवसर प्रदान करती हैं।

(3) अन्तर्वैयक्तिक आकर्षण शारीरिक आकर्षण का कार्य है। यह दूसरे व्यक्ति की योग्यता के अनुरूप कदम भी है।

(4) व्यक्ति समूह में शामिल हो सकता है, यदि समूह के कार्य आकर्षक हों।

## समूहों के प्रकार

समाजविज्ञानियों ने समूह को विभिन्न प्रकार से वर्गीकृत किया है–

- **स्वैच्छिक बनाम अस्वैच्छिक**–जब हम किसी समूह में स्वेच्छा से सम्मिलित होते हैं, तो इन्हें हम स्वैच्छिक समूह कहते हैं, परन्तु इसके विपरीत यदि हम किसी समूह में इच्छा के विपरीत सम्मिलित होते हैं, तो वह अस्वैच्छिक समूह कहलाता है।
- **खुले (मुक्त) समूह बनाम बन्द समूह**–वे समूह जिनका सदस्य कोई भी व्यक्ति बन सकता है, अर्थात जिनके सदस्य बदलते रहते हैं, खुले समूह कहलाते हैं, जैसे किसी क्लब का सदस्य बनना। वे समूह जहाँ विशेषकर

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

नए व्यक्तियों को सदस्य बनाने पर प्रतिबंध होता है और वे नहीं चाहते कि कोई सदस्य इन समूहों का सदस्य बन सके, जैसे–माफिया, नाइट क्लब आदि।

खुले समूहों में व्यक्ति को कुछ लाभ भी होते हैं, जैसे कुछ सदस्यों द्वारा समूह छोड़ने पर नए सदस्यों को समूह में सम्मिलित कर लिया जाता है। इसकी कुछ हानियाँ भी हैं, जैसे–सदस्यों में जल्दी-जल्दी परिवर्तन होना, इससे सहचर्यता या संबंधों में कमी आती है।

- **ऊर्ध्वाकार बनाम क्षैतिज समूह**–वे समूह जिनमें किसी भी सदस्य को व्यक्तिगत रूप से सदस्य बनाया जा सकता है एवं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में व्यक्तियों के लिए इनकी सदस्यता खुली होती है, ऐसे समूहों को ऊर्ध्वाकार समूह कहा जाता है, जबकि क्षैतिज समूह वे समूह होते हैं, जिनमें केवल एक सामाजिक वर्ग के सदस्यों का आधिपत्य होता है। उदाहरणस्वरूप व्यापारिक वर्ग की श्रेणियों की सदस्यता, राज्य कर्मचारी संघ की सदस्यता, चिकित्सकों के व्यावसायिक समूह की सदस्यता आदि से ऐसे समूहों का निर्माण किया जाता है।
- **प्राथमिक बनाम द्वितीयक समूह**–प्राथमिक समूह सभी सामाजिक संगठनों का केन्द्र होता है। यह एक लघु समूह होता है, जिसके सदस्यों की संख्या कम होती है तथा जो एक-दूसरे के साथ प्रत्यक्ष सम्पर्क में आते हैं।

प्राथमिक समूह की परिभाषा देते हुए कूले ने "आमने-सामने के सम्पर्क" एवं सहानुभूति तथा "पारस्परिक तादात्म्य" अर्थात हम भावना पर बल दिया है अर्थात व्यक्तियों के एकत्रित होने के रूप में प्राथमिक समूह कहलाता है, जैसे–खिलाड़ियों का समूह, पड़ोसियों का आमने-सामने का सम्पर्क आदि। जबकि द्वितीयक समूह का आधुनिक समाज में विशिष्ट महत्त्व है। विशालस्तरीय संगठन गौण समूह का मुख्य उदाहरण है। गौण समूह वह होता है, जिसका आकार बड़ा होता है, जैसे–नगर, राष्ट्र, राजनीतिक दल, निगम आदि। इन समूहों में व्यक्तियों के संबंध अवैयक्तिक एवं अनिश्चित होते हैं। सदस्यों के संबंधों का क्षेत्र सीमित होता है। वे स्वार्थ सिद्धि के निमित्त इकट्ठे होते हैं। एक सदस्य का दूसरे सदस्य पर परोक्ष प्रभाव होता है।

**प्राकृतिक बनाम निर्मित समूह**

प्राकृतिक समूह वे समूह होते हैं, जिनमें व्यक्ति सहज भाव से सम्मिलित होता है। इनमें सदस्यों की संख्या अपनी आवश्यकताओं पर आधारित होती है, जैसे–परिवार, एक समाज के समान समूह, जबकि निर्मित समूह किसी बाहरी प्रभाव से बने समूह होते हैं। ऐसे समूहों के कुछ विशिष्ट उद्देश्य होते हैं। इसके उदाहरण हैं–टीम, समितियां, चिकित्सा समूह आदि।

**(1) औपचारिक बनाम अनौपचारिक समूह**–वह समूह जिसमें किसी के द्वारा निर्धारित कार्य सम्पन्न करना होता है या उसे पूरा करने की आवश्यकता होती है, औपचारिक समूह कहलाता है। इसकी प्रणाली संगठनात्मक होती है। इसमें कार्य को महत्त्व दिया जाता है, जबकि व्यक्तियों का ऐसा समूह जिसमें वरीयताओं के आधार पर भूमिका प्रदान की जाती है, इसमें कार्य अकस्मात हो जाता है। यह अनौपचारिक समूह कहलाता है।

**(2) उपचार बनाम समूह कार्य**–उपचार समूह वह समूह होता है, जिसका मुख्य उद्देश्य समूह के सदस्यों की सामाजिक संवेदनात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। इस प्रकार के समूहों का उद्देश्य प्राय: सहयोग, शिक्षा, चिकित्सा, विकास तथा समाजीकरण की आवश्यकताओं की पूर्ति करना होता है, जबकि कार्य समूह का उद्देश्य लक्ष्य को पूरा करने के लिए होता है। इसका क्षेत्र व्यापक होता है। यह न तो सहज भाव से पैदा होता है और न ही समूह की आवश्यकताओं से, अपितु इसका क्षेत्र व्यापक होता है।

- उपचार समूह में प्रक्रियाओं को गोपनीय और समूह में रखा जाता है, जबकि कार्य समूह में लोगों को जाँच-परख के लिए मुक्त रखा जाता है।
- उपचार समूह में प्रक्रिया लचीली होती है, जबकि कार्य समूह में यह औपचारिक होती है।
- उपचार समूह में संचार खुला होता है, जबकि कार्य समूहों में संचार विशेष कार्य के आस-पास केन्द्रित होता है।
- उपचार समूह में अन्त:क्रिया के माध्यम से भूमिका का विकास होता है, जबकि कार्य समूह में यह प्राय: क्षमताओं पर आधारित होता है।
- उपचार समूह में स्वयं घोषणा ऊँचे स्तर पर होती है, जबकि कार्य समूह में इस तरह की घोषणा नहीं होती।

उपचार समूह और कार्य समूह के बीच प्रमुख अन्तर निम्नलिखित हैं–

- उपचार समूह में सदस्य अपनी सामान्य आवश्यकताओं के लिए अनुबद्ध होते हैं, जबकि कार्य समूह के सदस्य अपने कार्य को पूरा करने के लिए कार्य करते हैं तथा उसके लिए प्रतिबद्ध होते हैं और सहजता से प्रतिबद्धता की ओर बढ़ते जाते हैं।
- उपचार समूह में स्वयं-घोषणा बहुत ऊँचे स्तर पर होती है, किंतु कार्य समूह में इस तरह की कोई घटना नहीं घटती।
- सदस्यों के उपचार लक्ष्यों के समूह बैठक में उपचार समूह की सफलता का मूल्यांकन करते हैं, जबकि कार्य समूह में सफलता कार्य या प्रतिबद्धता की उपलब्धि पर आधारित होती है।

समूहों के कुछ अन्य प्रकारों को इस प्रकार रूप से सम्मिलित किया गया है–

www.neerajbooks.com



- **संदर्भ समूह**–व्यक्ति प्रायः व्यापक रूप से संदर्भ समूहों से जुड़ाव रखता है।
- **समान समूह**–एक समान समूह, समान आयु, सामाजिक स्तर और रुचियों का समूह होता है।
- **गुट**–एक अनौपचारिक, मजबूती से जुड़ा समूह जो प्रायः उच्च विद्यालयों/कॉलेज में स्थापित होता है, जिनमें लोग समान रुचियों के कारण जुड़ते हैं।
- **क्लब**–क्लब एक समूह होता है, जिसका सदस्य बनने के लिए आवेदन करना पड़ता है। इस तरह का क्लब किसी एक विशेष क्रिया के लिए प्रतिबद्ध होता है, जैसे–खेल या क्रीड़ा क्लब।
- **परिवार**–इसमें व्यक्ति एक ही घर में रहते हैं।
- **समुदाय**–समुदाय लोगों का समूह होता है। इसमें समानता होती है अथवा कभी-कभी अति व्यापक समानताओं का जटिल तंत्र बन जाता है, परन्तु यह हमेशा नहीं बनता। वे एक-दूसरे से निकटता बनाए रखते हैं एवं इसमें कुछ मात्रा में निरंतरता होती है। कभी-कभी इनके पास संगठन होता है और नेता भी होता है।
- **विशेष विक्रय अधिकार**–इस प्रकार के संगठन में विभिन्न स्थानों पर अनेक व्यापारिक क्रियाकलाप संपन्न किये जाते हैं।
- **गुट या गैंग**–गैंग प्रायः शहरों में होते हैं और वे विशेष क्षेत्र में व्याप्त होते हैं। यह ऐसे लोगों का समूह होता है, जो एक-दूसरे के साथ अधिकतर समय व्यतीत करते हैं।
- **उत्तेजित भीड़**–उत्तेजित भीड़ प्रायः लोगों का समूह होता है, जो कानून को अपने हाथों में लेता है। यह एक ऐसा समूह होता है, जो किसी विशेष कारण के लिए अस्थायी रूप से एकत्रित होता है।
- **एक शक्तिशाली टुकड़ी या दल**–'पोस' यह शब्द एक अमेरिकन शब्द है। यह नागरिकों के एक समूह के लिए प्रयुक्त होता है तथा ये लोग किसी कानून को लागू करवाना चाहते हैं। अतः इसे स्ट्रीट समूह या गली का समूह भी कहते हैं।
- **दस्ता या टुकड़ी**–यह प्रायः लघु समूह होता है, जिसमें 3-8 लोग होते हैं। ये अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक टीम के रूप में कार्य करते हैं।
- **दल (टीम)**–यह एक टुकड़ी की तरह ही होता है। यद्यपि इसमें सदस्यों की संख्या अधिक हो सकती है। यह टीम, दस्ता या टुकड़ी के समान ही काम करता है।
- **शिक्षण समूह (Learning Group)**–यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा के डॉ. डेविड और डॉ. रोजर जोटनस ने समूहों के तीन प्रकारों की पहचान की है, जो सहयोगात्मक शिक्षण को उन्नत करने में सहायक हैं।

अतः अनौपचारिक शिक्षण समूह-तदर्थ, अस्थायी, लघु-अवधि समूह जिन्हें तुरंत निर्मित किया जा सकता है और व्यापक स्थिति में प्रयोग किया जा सकता है।

## समूहों के संबंध में तर्काधार

### समूह रचना

समूह चाहे समजातीय सदस्यों–समान आयु, लिंग तथा सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आए सदस्य अथवा विषम जातीय सदस्यों से बना हो, यह सब समूह के लक्ष्य पर निर्भर करता है। सामाजिक समूह कार्य के संदर्भ में विशिष्ट आवश्यकताओं के साथ विशेष लक्षित जनसंख्या, उस जनसंख्या के सदस्यों द्वारा पूर्णतया निर्मित समूह, विशेषताओं में समानता वाला समूह विषम जातियों की तुलना में अधिक उपयुक्त सिद्ध होता है। जैसे वृद्ध लोगों से बना समूह विशेष केन्द्र बिंदु को इंगित करने में अधिक सफल होगा तथा विशिष्ट समस्याओं, उनकी विकासात्मक अवधि की विशेषताओं को अधिक प्रखरता से प्रकट करने में सफल होगा अर्थात अकेलापन, असहाय, उपेक्षित, आय का स्रोत बंद हो जाना, सामाजिक स्थिति में गिरावट आना, तिरस्कार, शरीर की शक्ति क्षीण होना, ऊर्जा नष्ट होना इत्यादि हानियों पर अधिक ध्यान केन्द्रित करके उनका समाधान निकालने का प्रयास करते हैं। इससे वृद्धों के जीवन के संकटों का खुला तथा गहनतापूर्वक अन्वेषण हो सकेगा और उनकी बेहद दुखदायी समस्याएँ सार्वभैमिक हो सकेंगी। इस स्थिति में सदस्यों को अपनी संवेदनाओं और भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है।

### बैठकों की आवृत्ति और अवधि

समूहों की बैठकों की सापेक्षता के संबंध में एक अन्य प्रमुख तर्क है कि प्रश्नों की आवृत्ति हो और उनमें निम्नलिखित को शामिल किया जाए–

- प्रायः समूह की बैठक कितनी बार होनी चाहिए?
- एक घंटे के सत्र के लिए सप्ताह में दो बार समूह बैठक कितने समय की होनी चाहिए अथवा क्या 1 घंटे से 2 घंटे की बैठक को सप्ताह में एक बार वरीयता दी जा सकती है।

बच्चों और किशारों के साथ आवृत्ति बैठक आयोजित किया जाना बेहतर रहता है। जहाँ तक समय की बात है, तो वह उतना ही होना चाहिए, जब तक वे ध्यान से भाग लेते रहें। बैठकों का समय कक्षा के पीरियडों कालांशद की नियमित सूची के अनुसार ही होना चाहिए। कॉलेज के विद्यार्थियों अथवा ठीक से कार्य कर रहे वयस्कों के लिए सप्ताह में एक बार 2 घंटे का सत्र ठीक रहता है।

कुछ ठोस कार्यों के लिए 2 घंटे का समय उचित रहता है। इससे अधिक समय होने पर भागीदारों को थकान हो सकती है। अतः आप किसी भी आवृत्ति और अवधि को अपने नेतृत्व तथा अपने समूह के प्रकार के आधार पर चुन सकते हैं।

www.neerajbooks.com